Regarding need to construct a four-lane National Highway and bridge over Ganga River in Katihar Parliamentary Constituency, Bihar-laid

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी **(**कटिहार**):** बिहार राज्य अंतर्गत हमारे संसदीय क्षेत्र कटिहार में एन.एच.-31 फुलवरिया चौक से राज्य राजमार्ग (मेजर डिस्ट्रिक रोड) जो बरारी प्रखण्ड के काढ़ागोला गंगा घाट तक जाता है और बीच में गंगा नदी उस पार भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखण्ड में, जो एन**.**एच.-80 के पास जाकर मिलता है। मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से माँग करता हूँ कि एन.एच.-31 फुलवरिया चौक से राज्य राजमार्ग (मेजर डिस्ट्रिक रोड) जो बरारी प्रखण्ड के काढ़ागोला गंगा घाट से पीरपैंती तक नया एन.एच. फोरलेन के साथ**-**साथ गंगा नदी पर ब्रिज का निर्माण कराया जाए इसके निर्माण हो जाने से बिहार, झारखण्ड तथा पश्चिम बंगाल सहित पड़ोसी देश नेपाल को भी जोड़ेगा, और नया एन एच चार लेन के साथ-साथ गंगा नदी पर ब्रिज का निर्माण कराने के लिए नवीन राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा की नीति के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा उपरोक्त मार्गो को नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल किया जाए। धन्यवाद ।